PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
शनिवार ,21,फरवरी 2026




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

## हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Tariffs: 'व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं', ट्रंप का बयान

### ग्लोबल टैरिफ के बाद भारत पर कितना लगेगा शुल्क?



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक टैरिफ को लेकर अपने रुख में किसी भी तरह की नरमी से इनकार कर दिया है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनके पहले लगाए गए टैरिफ को अवैध ठहराए जाने के बावजूद ट्रंप ने 150 दिनों के लिए 10 प्रतिशत अस्थायी वैश्विक आयात शुल्क लागू करने का कार्यकारी आदेश जारी कर दिया। यह नया टैरिफ 24 फरवरी से प्रभावी होगा और इसके बाद इसे लेकर अमेरिकी संसद में प्रस्ताव लाया जाएगा। व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि इस ग्लोबल टैरिफ का भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर क्या असर पड़ेगा। इस पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने दोहराया कि "कुछ नहीं बदलेगा" और भारत टैरिफ देगा, जबकि अमेरिका नहीं देगा। ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को भी "बहुत अच्छा" बताया।इससे पहले भारत पर 18 प्रतिशत टैरिफ प्रस्तावित था, जबकि यूरोपीय संघ और जापान पर 15 प्रतिशत तथा ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत शुल्क था। अब यदि 10 प्रतिशत का समान वैश्विक टैरिफ लागू होता है, तो भारत पर भी शुल्क घटकर 10 प्रतिशत रह सकता है।

## बिहार: राज्यसभा की 5वीं सीट के लिए NDA में जबरदस्त जोर आजमाइश



बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के भीतर खींचतान तेज हो गई है। चार सीटों के बंटवारे के बाद बची एक सीट को लेकर सहयोगी दलों के बीच जबरदस्त जोर-आजमाइश चल रही है। भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) के हिस्से की दो-दो सीटें लगभग तय मानी जा रही हैं। इसके बाद बची पांचवीं सीट के लिए एनडीए के तीन छोटे सहयोगियों—हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)—ने दावा ठोक दिया है। हम के नेता जीतनराम मांझी और आरएलएम प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा भाजपा नेतृत्व को पुराने वादों की याद दिला रहे हैं। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान राज्यसभा की एक सीट देने का आश्वासन दिया गया था। वहीं लोजपा (रामविलास) अपने 19 विधायकों के समर्थन का हवाला देकर सीट पर दावा कर रही है। हालांकि जदयू और मांझी लोजपा (आर) को सीट देने के पक्ष में नहीं बताए जा रहे। भाजपा भी हालिया राजनीतिक समायोजनों के बाद कुशवाहा को और रियायत देने के मूड में नहीं दिख रही। जदयू के दो राज्यसभा सदस्य—राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर—का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

## Maharashtra: मुंबई के कांदिवली में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

### मुंबई मेट्रो पिलर हादसा मामले में अग्रिम जमानत



इस बीच मुलुंड में 14 फरवरी को हुए मुंबई मेट्रो-4 निर्माण हादसे के मामले में कानूनी कार्रवाई तेज हो गई है। निर्माणाधीन पुल के पैरापेट का हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य घायल हुए थे। मामले में ठेकेदार फर्म मिलान रोड बिल्डटेक के निदेशक अल्पेश पटेल, तकनीकी निदेशक गणेश घोलाप और परियोजना सलाहकार टी. साई सुरेश कुमार ने अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। इन याचिकाओं पर शनिवार को सुनवाई होनी है। पुलिस ने मिलान रोड बिल्डटेक और डीबी हिल एलबीजी से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। अब तक दोनों ठेकेदार कंपनियों के पांच कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। राजनीतिक बयानबाजी भी तेज इसी बीच शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपनी पार्टी चलाने और लोकसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। शिंदे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि जब प्रधानमंत्री नवाचार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक मंच तैयार कर रहे हैं, तब कांग्रेस प्रदर्शन की राजनीति कर रही है। इस तरह महाराष्ट्र में एक ओर प्रशासनिक कार्रवाई और कानूनी घटनाक्रम सुर्खियों में हैं, तो दूसरी ओर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। मुंबई के कांदिवली इलाके में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करते हुए अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया। यह अभियान बीएमसी के आर साउथ और आर सेंट्रल वार्ड के अधिकारियों ने कांदिवली पुलिस स्टेशन की टीम के साथ मिलकर चलाया। अधिकारियों के अनुसार, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। नगर निगम का कहना है कि शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## Social Media Ban

### बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन करेगा भारत? आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने क्या बताया



ऑस्ट्रेलिया द्वारा 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लागू करने और फ्रांस द्वारा भी इसी तरह के कदम की तैयारी के बाद भारत में भी यह बहस तेज हो गई है कि क्या यहां नाबालिगों के लिए सोशल मीडिया बैन किया जाएगा। दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस मुद्दे को उठाया और पूछा कि क्या भारत भी बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए ऐसा कदम उठाने को तैयार है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार समाज की सुरक्षा को लेकर बड़ी टेक कंपनियों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के साथ लगातार बातचीत कर रही है। उन्होंने न्यूज एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) से बातचीत में बताया कि यह विचार-विमर्श गंभीर स्तर पर चल रहा है। सरकार यह आकलन कर रही है कि समाज—विशेषकर बच्चों—को किस तरह की डिजिटल सुरक्षा की आवश्यकता है और उसे प्रभावी ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि सरकार तुरंत किसी आयु-आधारित पूर्ण प्रतिबंध की घोषणा करने जा रही है।

## AI: UIDAI का

### एआई सुरक्षा कवच, एक अरब पहचान सुरक्षित; 2028 तक डाटा सेंटर्स की पानी मांग 11 गुना बढ़ेगी



भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार डेटा की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए एआई-सक्षम अगली पीढ़ी का डिजिटल सुरक्षा ढांचा शुरू किया है। "अदृश्य ढाल" के रूप में विकसित यह प्रणाली आधार नामांकन और अपडेट के दौरान फिंगरप्रिंट, चेहरे और आईरिस की सटीक पहचान सुनिश्चित करती है, ताकि डुप्लिकेट आईडी बनने की संभावना को रोका जा सके। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के अनुसार, यह मल्टी-लेयर सुरक्षा ढांचा हाई-स्पीड कंप्यूटिंग के जरिए करोड़ों गणनाएं पलक झपकते करता है और संदिग्ध पैटर्न की पहचान कर तुरंत अलर्ट जारी करता है। यूआईडीएआई दुनिया के सबसे बड़े बायोमेट्रिक डुप्लीकेशन सिस्टम में से एक संचालित करता है, जहां हर नए नामांकन का पूरे डेटाबेस से मिलान कर विशिष्टता सुनिश्चित की जाती है। हैदराबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के सहयोग से उन्नत स्वदेशी एआई मॉडल विकसित किए गए हैं, जो उंगलियों के निशान, चेहरे और आईरिस आधारित प्रमाणीकरण को और सटीक बनाते हैं। ये मॉडल उच्च-प्रदर्शन इन्फरेंस इंफ्रास्ट्रक्चर पर चलते हैं, जिससे जनसंख्या स्तर पर सुरक्षित डेटा मिलान संभव होता है।

# Aaj Ka Rashifal 21 February
## मिथुन समेत 2 राशियों की आर्थिक स्थिति में होगा सुधार,

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 21 फरवरी 2026 का राशिफल। आज शनिवार, 21 फरवरी का दिन है यानी फाल्गुन माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि। आज के दिन चंद्रमा मीन राशि और रेवती नक्षत्र में होंगे। आज के दिन कई तरह के योग का निर्माण होगा जिसमें गंडमूल और रवि योग है।



### मेष
आज आपको अपने स्वभाव पर थोड़ा संयम रखने की जरूरत है, खासकर गुस्से पर नियंत्रण बेहद जरूरी रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर प्रतिक्रिया देने से रिश्तों में अनावश्यक दूरी आ सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने बॉस से प्रशंसा मिलेगी, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के योग हैं, लेकिन आय और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। जीवनसाथी के साथ बिताया गया समय आपके रिश्ते को मजबूत करेगा और संतान के मन की उलझनों को समझने का अवसर देगा। आज बोलते समय शब्दों का चुनाव सोच-समझकर करें। यही दिन की सबसे बड़ी कुंजी है।

### वृषभ
आज आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है, खासकर यदि आप राजनीति या सार्वजनिक कार्यों से जुड़े हैं। बिना वजह थकान महसूस हो सकती है, लेकिन फिर भी आप अपने काम समय पर पूरा कर लेंगे। सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें। किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर रहेगा, क्योंकि छोटी समस्या बढ़ सकती है। निवेश से जुड़े मामलों में दूसरों की बातों में आकर निर्णय लेने से बचें। खान-पान पर ध्यान रखें, क्योंकि अनियमितता आपकी परेशानी बढ़ा सकती है।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं और कहीं अटका हुआ धन वापस मिल सकता है। पैतृक संपत्ति से जुड़ा मामला भी आपके पक्ष में सुलझ सकता है, जिससे मन हल्का होगा। आप किसी परिजन की आर्थिक मदद भी कर सकते हैं। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए काम पूरे करवाएगा। अगर कहीं घूमने जाएं तो अपने कीमती सामान की सुरक्षा जरूर रखें। छोटी सावधानी बड़ी राहत देगी।

### कर्क
आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम तेजी से पूरे होंगे। धन से जुड़े मामलों में सावधानी रखें और बिना सोचे कोई बड़ा कदम न उठाएं। परिवार के साथ बिताया गया समय रिश्तों में गर्माहट लाएगा, हालांकि किसी बात को लेकर पिताजी थोड़े नाराज़ हो सकते हैं — धैर्य से बात करें। बिजनेस में बदलाव की सोच रहे हैं तो अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना लाभकारी रहेगा।

### सिंह
आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन समय का सही उपयोग करना आपके लिए जरूरी है। खाली बैठने से बेहतर है कि आप अपने रुके हुए काम निपटाएं। विदेश में पढ़ाई का सपना देख रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर या स्कॉलरशिप मिल सकती है। जीवनसाथी के लिए कोई छोटा सा सरप्राइज आपके रिश्ते में मिठास बढ़ाएगा। रुका हुआ धन वापस पाने के प्रयास सफल हो सकते हैं। ध्यान रखें — किसी दूसरे के मामले में अनावश्यक दखल देने से बचें, नहीं तो बात बिगड़ सकती है।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। घर में मेहमान आने से माहौल खुशनुमा रहेगा और आप खुद को काफी सकारात्मक महसूस करेंगे। व्यापार में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। भाग्य का साथ मिलने से कई काम आसानी से पूरे होंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होने से खुशी का माहौल बनेगा।

### तुला
आज का दिन थोड़ा तनावपूर्ण रह सकता है, खासकर काम का दबाव आपको मानसिक रूप से थका सकता है। आप अपने स्वभाव में बदलाव लाने की कोशिश करेंगे, जो आगे चलकर आपके लिए अच्छा रहेगा। अच्छे भोजन और छोटी-छोटी खुशियों में आपको सुकून मिलेगा। संतान के व्यवहार को लेकर चिंता हो सकती है, इसलिए धैर्य से काम लें। गोपनीय बातें किसी से साझा करने से बचें। प्रॉपर्टी से जुड़ी योजना पूरी होने के संकेत हैं।

### वृश्चिक
आज का दिन संतुलित रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं और आप किसी यात्रा की योजना भी बना सकते हैं। धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। धन और समय का सही उपयोग करें, क्योंकि लापरवाही भविष्य में परेशानी दे सकती है। प्रॉपर्टी से जुड़ा फैसला जल्दी लेना पड़ सकता है।

### धनु
वैवाहिक जीवन के लिए आज का दिन खास रहेगा। जीवनसाथी की तरक्की आपको गर्व और खुशी दोनों देगी। आपके निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी और पिताजी आपके कामों से संतुष्ट नजर आएंगे। नई उपलब्धि या सफलता आपका उत्साह बढ़ाएगी। विद्यार्थियों का किसी नए कोर्स में रुचि बढ़ सकती है। ध्यान रखें, सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा न करें।

### मकर
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा और पारिवारिक एकता महसूस होगी। आर्थिक मामलों में थोड़ा सतर्क रहना जरूरी है। आलस्य से बचें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान दें। नौकरी में बदलाव की योजना बन सकती है, हालांकि आपके किसी निर्णय से परिवार नाराज़ हो सकता है। राजनीति या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वालों को नई दिशा मिलेगी।

### कुंभ
आज आय के नए अवसर मिल सकते हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दोस्तों का साथ आपको प्रेरित करेगा। आपकी वाणी का प्रभाव लोगों पर सकारात्मक पड़ेगा। नया काम शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएं। पढ़ाई को लेकर परेशान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन से राहत मिलेगी। संतान से दिल की बात करने का मौका मिलेगा, जिससे रिश्ते और मजबूत होंगे।

### मीन
आज सेहत थोड़ी कमजोर रह सकती है, इसलिए लापरवाही बिल्कुल न करें। कोई जरूरी काम पूरा होते-होते रुक सकता है, जिससे तनाव बढ़ेगा, लेकिन धैर्य रखें, समाधान जल्द मिलेगा। खोई हुई कोई प्रिय वस्तु वापस मिल सकती है। नए काम शुरू करने से बचें और सोच-समझकर ही निर्णय लें। खास लोगों से मुलाकात दिन को खास बनाएगी, हालांकि पिताजी की किसी बात से मन थोड़ा आहत हो सकता है।

# Delhi: मदनपुर खादर में सिलेंडर फटने से तीन लोग झुलसे,
## एक की हालत गंभीर; दमकल की गाड़ियां मौके पर




दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक घर में सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रसोई में गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण यह विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आकर घर के तीन सदस्य झुलस गए। विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पड़ोस के लोग सहम गए और तुरंत मौके पर पहुंचे।घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर रवाना हो गईं। अग्निशमन कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाने का काम शुरू किया और झुलसे हुए लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल इलाज शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, तीन में से एक व्यक्ति की हालत चिंताजनक बनी हुई है। अन्य दो घायलों का भी इलाज चल रहा है।

# Weather: दक्षिण में भारी बारिश का अलर्ट,
## उत्तर में चढ़ेगा पारा; पढ़ें मौसम विभाग का अपडेट



मौसम विभाग के अनुसार, अगले छह दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है।देश के दक्षिणी हिस्सों में अगले दो दिनों के दौरान मौसम के सक्रिय रहने की संभावना है, जबकि उत्तर भारत में तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी का दौर शुरू होने वाला है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक 21 से 23 फरवरी के बीच दक्षिण तमिलनाडु व केरल एवं माहे के कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। इन क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान जताया गया है। इसके साथ ही समुद्री क्षेत्रों में हालात ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहने की संभावना है।मन्नार की खाड़ी, श्रीलंका तट और दक्षिण अंडमान सागर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है, जिनकी झोंकों में गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मछुआरों को इन क्षेत्रों में सतर्क रहने की सलाह दी गई है।मौसम विभाग के अनुसार, अगले छह दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है।पर्वतीय राज्यों में हल्की मौसमीय गतिविधि बनी रह सकती है। हिमाचल प्रदेश में 23 फरवरी को कहीं-कहीं बारिश या हिमपात की संभावना जताई गई है। वहीं उत्तराखंड में 22 से 24 फरवरी के बीच कुछ स्थानों पर बारिश या बर्फबारी हो सकती है, जिससे ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड बनी रह सकती है।आईएमडी ने तमिलनाडु और केरल के किसानों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि जिन इलाकों में धान की फसल पक चुकी है, वहां कटाई कर फसल को सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। साथ ही खेतों में जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त रखे। तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए केले, सब्जियों और बागवानी फसलों को सहारा दें। कुल मिलाकर, दक्षिण भारत में अगले कुछ दिन बारिश और तेज हवाओं के लिहाज से अहम रहने वाले हैं। जबकि उत्तर भारत में तापमान बढ़ने से मौसम शुष्क और अपेक्षाकृत गर्म होने की संभावना है।

## बेहद फूडी हैं प्रभास शूटिंग के दौरान निर्देशक के लिए चेन्नई से मंगाया था खाना



प्रभास अदाकारी के अलावा अगर किसी चीज के लिए जाने जाते हैं तो वह खाने के प्रति उनका शौक है। वे इतने फूडी हैं कि सेट पर कई बार दूसरे राज्यों तक से खाना ऑर्डर कर देते हैं। इसका एक उदाहरण उन्होंने हाल ही में शेयर किया है। अभिनेता प्रभास अपनी दमदार अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। एक्टिंग के अलावा उन्हें खान-पान का काफी शौक है। यूं तो प्रभास काफी शर्मीले स्वभाव के हैं। मगर, इंटरव्यू में जब उनसे खाने को लेकर चर्चा की जाए तो वे इस पर खुलकर बोलते हैं। हाल ही में संतोष शोभन और मानसा वाराणसी ने अपनी हालिया रिलीज 'कपल फ्रेंडली' के प्रमोशन के दौरान प्रभास से बात की। इस दौरान बाहुबली एक्टर ने एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया।दरअसल, बातचीत के दौरान प्रभास ने बताया कि वे अपने चीट डेज पर दूसरे राज्यों का खाना ऑर्डर करते हैं। संतोष ने प्रभास से पूछा कि क्या यह सच है कि जब भी उनका मन करता है, वेदूसरे राज्यों का खाना भी मंगाते हैं

## महाभारत' पर होगी विशाल भारद्वाज की अगली फिल्म



अब तक एक्शन लव स्टोरी बनाने वाले विशाल भारद्वाज अब महाभारत पर फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। जानिए क्या उनकी अगली फिल्म महाभारत पर ही होगी...महाकाव्य महाभारत एक ऐसा विषय है, जिस पर कई फिल्ममेकर फिल्म बनाना चाहते हैं। इनमें एसएस राजामौली और आमिर खान जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। लेकिन अब इस लिस्ट में 'मकबूल', 'ओमकारा' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज का नाम भी शामि हो गया है। शेक्सपियर के नाटकों पर अधिकांश फिल्में बनाने वाले विशाल पीटीआई के साथ बातचीत में विशाल भारद्वाज ने महाभारत को बनाने को लेकर कहा कि महाभारत को, पूरे महाभारत को समकालीन समय के अनुरूप ढालने का मन करता है। लेकिन यह बहुत बड़ा काम है मैंने इस पर कुछ काम पहले ही कर लिया है। मुझे नहीं पता कि यह मेरी अगली परियोजना होगी या नहीं। अभी तो 'ओ रोमियो' का जश्न मनाने का समय है। विशाल अकेले नहीं हैं, जिन्होंने महाकाव्य को बड़े पर्दे पर लाने में रुचि दिखाई है। जबकि आमिर खान के लिए यह परियोजना लंबे समय से एक सपना रही है।

## अहान पांडे रोमांस के बाद पर्दे पर दिखाएंगे खतरनाक एक्शन



अहान पांडे ने पहली ही फिल्म से शानदार शुरुआत की। बीते साल आई 'सैयारा' ने जबर्दस्त कमाई की। डेब्यू फिल्म के बाद अहान अली अब्बास जफर की फिल्म में नजर आएंगे। इसमें वे एक्शन का दम दिखाएंगे और इसके लिए अपनी फिजीक पर बहुत मेहनत कर रहे हैं। यशराज फिल्म्स की ब्लॉकबस्टर 'सैयारा' के बाद अहान की दूसरी फिल्म के शूट को लेकर अपडेट सामने आया है।अली अब्बास जफर की फिल्म में अहान पांडे के अलावा शरवरी भी नजर आएंगी। वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अहान इस साल मार्च के आखिरी हफ्ते में मुंबई में इस एक्शन रोमांस फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। अहान के साथ फिल्म की लीडिंग लेडी शरवरी भी शूटिंग शुरू करेंगी। टीम का प्लान है कि पहला शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने के बीच शूट किया जाए। मुंबई का शेड्यूल पूरा करने के बाद प्रोडक्शन एक लंबे शेड्यूल के लिए UK जाएगा। फिलहाल अहान की इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है। इस फिल्म के लिए वे इंटेंस वर्कआउट सेशन कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि अहान पांडे स्टारर इस फिल्म में जबर्दस्त एक्शन शेड्यूल है। लंदन में शूटिंग मई 2026 में शुरू होने की उम्मीद है, जहां अहान पांच दिनों में एक बड़े एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग करेंगे।रिपोर्ट्स के मुताबिक, अहान पांडे अली अब्बास जफर निर्देशित इस फिल्म में अपने किरदार के लिए ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। इसमें फाइट की इंटेंस प्रैक्टिस और हथियार चलाने की ट्रेनिंग शामिल है। अपने रोमांटिक डेब्यू के मुकाबले बिल्कुल नए और अलग एक्शन वाले अवतार में दिखेंगे। शूटिंग जुलाई 2026 तक पूरी करने की तैयारी है और इसे अगले साल तक सिनेमाघरों में रिलीज करने का प्लान है।

## रणवीर सिंह धमकी मामले में क्राइम ब्रांच का बड़ा एक्शन



रणवीर सिंह को मिली धमकी के मामले में अब मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक बड़ा एक्शन लिया है। जानिए किसके खिलाफ जारी किया लुक आउट सर्कुलरबॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को धमकी मिलने के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच तेजी से जांच कर रही है। अब इस मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ा एक्शन लेते हुए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक प्रमुख कथित सदस्य हरिचंद्र उर्फ हैरी बॉक्सर के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह कार्रवाई अभिनेता के मैनेजर को मिले धमकी भरे वॉयस नोट और फिरौती की मांग के संबंध में प्रारंभिक जांच के बाद की गई है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को धमकी देने वाले लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य हरिचंद्र उर्फ हैरी बॉक्सर के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। पुलिस ने रणवीर सिंह के मैनेजर को मिली धमकी भरी वॉयस नोट को सत्यापन के लिए पंजाब और हरियाणा भेजा था। मुंबई पुलिस के अनुसार, वॉयस नोट भेजने वाले ने खुद को हैरी बॉक्सर बताया और 20 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की।मुंबई क्राइम ब्रांच के अनुसार, यह वॉयस नोट एक अमेरिकी फोन नंब र से भेजा गया था और इसमें 20 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई थी।

## कंगना से झगड़े पर बोलीं तापसी



तापसी पन्नू और कंगना रनौत बॉलीवुड की दो ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने आउटसाइडर होने के बावजूद अपनी दम पर अपनी पहचान बनाई है। दोनों ही अपनी दमदार एक्टिंग के लिए भी सुर्खियां बटोरती हैं। लेकिन दोनों के बीच कैट फाइट भी काफी पुरानी है और अक्सर चर्चा में भी रहती है। हालांकि, तापसी पन्नू का कहना है कि उनकी तरफ से कोई झगड़ा या मनमुटाव नहीं है। यहीं नहीं वो कंगना को अपना सीनियर बताते हुए उनसे दोस्ती करने को भी तैयार हैं। यूट्यूब पर शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने कंगना के साथ अपने विवाद पर प्रतिक्रिया दी। कंगना की बहन द्वारा तापसी को कंगना की 'सस्ती कॉपी', 'बी ग्रेड एक्ट्रेस' और 'शी-मैन ' कहने के बाद ये विवाद शुरू हुआ था।

## आमिर खान के भाई फैसल खान ने की नई घोषणा



शुक्रवार को फैसल खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह पैपराजी से बात कर रहे हैं। एक पैपराजी ने पूछा, 'आपकी फिल्म का इंतजार है।' इस पर फैसल कहते हैं, 'हां मैं फिल्म डायरेक्ट करने जा रहा हूं, एक कहानी लिखी है। इसके अलावा यूट्यूब पर भी कुछ कंटेंट डालने वाला हूं।' फैसल की बात से लगता है कि वह भी कंटेंट क्रिएशन की दुनिया में अब कदम रख सकते हैं।

# Gold Silver Price Today: सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी; जानें सर्राफा बाजार में आज का अपडेट



**सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी;** जानें सर्राफा बाजार में आज का अपडेट सोने-चांदी की कीमतों में तेजी जारी की गई है। चांदी 1560 रुपये की बढ़त के साथ 2.44 लाख प्रति किलो पर पहुंच गई। सोने का भाव बढ़कर 1.55 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।वैश्विक संकेतों और जियोपॉलिटिकल तनाव के बीच सोने-चांदी की कीमतों में इन दिनों भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिससे निवेशकों के साथ-साथ शादी-ब्याह के लिए गहने खरीदने वाले लोग भी दुविधा में हैं। हाजिर बाजार में दोनों की कीमतों में हालिया दिनों में करीब 7% तक की बढ़त दर्ज की गई है।राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि चांदी 2.6 लाख रुपये प्रति किलो के भाव पर कारोबार कर रही है। दूसरी ओर, कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) में सोना लगभग 1,54,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,41,400 रुपये प्रति किलो के आसपास बनी हुई है।विशेषज्ञों के अनुसार, सोने की तुलना में चांदी में कहीं अधिक तेज उतार-चढ़ाव दर्ज किया जा रहा है। MCX पर चांदी की कीमतें एक समय ऐतिहासिक उछाल के साथ 4,20,000 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई थीं, लेकिन उसके बाद इसमें भारी गिरावट आई और फिलहाल यह 2.41 लाख रुपये के करीब ट्रेड कर रही है। इंडस्ट्री की मांग, ग्लोबल मार्केट में बदलाव और निवेशक सेंटीमेंट को इस अस्थिरता का प्रमुख कारण माना जा रहा है। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि दीर्घकालिक निवेशक इस गिरावट को खरीदारी के अवसर के रूप में देख सकते हैं।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी में मजबूती देखी गई। कॉमेक्स ट्रेड में सोना शुरुआती गिरावट के बाद 4,996 डॉलर प्रति औंस से संभलकर 5,018.20 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया, जो 24 घंटों में करीब 0.43% की बढ़त दर्शाता है।

# The Bonus Market Update:

## लाल निशान पर खुला घरेलू शेयर बाजार; US डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे हुआ कमजोर

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। वहीं पिछले दिन गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1236.11 अंक गिरकर 82,498.14 अंक पर बंद हुआ था, जबकि एनएसई निफ्टी 365.00 अंक गिरकर 25,454.35 अंक पर बंद हुआ था।भारतीय बाजार शुक्रवार को लाल निशान पर खुला।शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 161.25 अंक गिरकर 82,336.89 पर आ गया; निफ्टी 25.35 अंक गिरकर 25,429 पर पहुंच गया। हालांकि बाद में खुद को संभालते हुए बाजार हरे निशान पर आ गया। सेंसेक्स 37.61 अंक या 0.05 प्रतिशत बढ़कर 82,535.75 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 22.85 अंक या 0.09% बढ़कर 25,477.20 अंक पर आ गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 27 पैसे गिरकर 90.95 पर आ गया।



# Report: खाद्य कीमतों में तेजी,

## नए वित्त वर्ष में 1.8% बढ़ेगी महंगाई; नई शृंखला में आधार प्रभाव का असर रहेगा कम

Report: नए वित्त वर्ष 2026-27 में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी से खुदरा महंगाई 1.8 फीसदी बढ़कर 4.3 फीसदी तक पहुंच सकती है। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि कम आधार प्रभाव और खाद्य वस्तुओं का घटा भारांश महंगाई बढ़ोतरी को सीमित करेगा। सोने-चांदी की कीमतों में उछाल से मुख्य महंगाई बढ़ी है। खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में तेजी के चलते खुदरा महंगाई एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष 2026-27 में 1.8 फीसदी बढ़कर 4.3 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकती है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 2.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है।क्रिसिल ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, खाद्य वस्तुओं की महंगाई के



मौजूदा निचले स्तर से सामान्य होने की वजह से खुदरा महंगाई बढ़ेगी। इसकी मुख्य वजह कम आधार प्रभाव है। हालांकि, खाद्य वस्तुओं की कीमतें मौटे तौर पर नरम रहने की उम्मीद है, जिसे 2026 में मानसून के सामान्य रहने से समर्थन मिलेगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मुद्रास्फीति की नई शृंखला में खाद्य वस्तुओं का कम भारांश खुदरा महंगाई में इस बढ़ोतरी को सीमित कर देगा। नई शृंखला में खाद्य वस्तुओं का भारांश पुरानी सीरीज के 45.86 फीसदी से कम होकर 36.75 फीसदी रह गया है। यानी आधार प्रभाव से महंगाई में होने वाली बढ़ोतरी पुरानी शृंखला के मुकाबले कम होगी। गैर-खाद्य महंगाई से भी मुद्रास्फीति में होने वाली वृद्धि को सीमित रखने में मदद मिलेगी। सोने-चांदी में उछाल से आरबीआई ने 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए महंगाई अनुमान को बढ़ाकर क्रमशः 4 फीसदी एवं 4.2 फीसदी कर दिया है।रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य महंगाई इंडेक्स का भारांश 47.3 फीसदी से बढ़कर 57.89 फीसदी हो गया है। इससे हेडलाइन महंगाई पर इसका असर और मजबूत हुआ है और खुदरा मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी को सीमित रखने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में हेडलाइन मुद्रास्फीति की तुलना में मुख्य महंगाई दर ज्यादा तेजी से बढ़ी है, जिसकी वजह सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल रही है।मुख्य महंगाई में ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले खाद्य और बिजली की मुद्रास्फीति दर को शामिल नहीं किया जाता है।

# Biz Updates: ट्रेडमार्क विवाद में अमेरिकी एआई

## कंपनी को कोर्ट का समन, एंथ्रोपिक नाम को लेकर सुनवाई 9 मार्च को

एंथ्रोपिक नाम के इस्तेमाल को लेकर ट्रेडमार्क विवाद में कोर्ट ने अमेरिका स्थित एक एआई कंपनी को समन जारी किया है। इस मामले में भारतीय फर्म एंथ्रोपिक सॉफ्टवेयर के संस्थापक व निदेशक मोहम्मद अय्याज मुल्ला ने कहा कि उनकी कंपनी लंबे समय से एंथ्रोपिक ब्रांड का उपयोग कर रही है, लेकिन 2025 के मध्य और अंत तक अमेरिकी एआई कंपनी की ऑनलाइन मौजूदगी तेजी से बढ़ने से भ्रम की स्थिति पैदा होने लगी।मुल्ला के अनुसार, दिसंबर 2025 में अमेरिकी कंपनी के भारत में प्रवेश और बंगलूरू में कार्यालय स्थापित करने के बाद उनकी कंपनी की ऑनलाइन



सर्चेबिलिटी पर और अधिक असर पड़ा, जिससे उनके काम को ढूंढना कठिन हो गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें अमेरिकी कंपनी के भारत में कारोबार करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनका कहना है कि एंथ्रोपिक नाम का उपयोग इस तरह नहीं होना चाहिए जिससे उनके पहले से स्थापित ब्रांड की पहचान दब जाए या समाप्त हो जाए।इसी आधार पर उन्होंने अदालत से नाम के उपयोग पर रोक लगाने की मांग की है। बंगलूरू कार्यालय स्थापित होने के बाद संबंधित कंपनी को दूसरा नोटिस भी भेजा गया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 9 मार्च की तारीख तय की है, जिसमें अमेरिकी कंपनी के पेश होने की संभावना है।मुल्ला ने यह भी कहा कि भारतीय कानून के तहत किसी ट्रेडमार्क का पूर्व उपयोग करने वाले पक्ष को प्राथमिक अधिकारों का संरक्षण मिलता है, और उनकी कंपनी अपने इसी अधिकार के आधार पर कानूनी कार्रवाई कर रही है।लेकिन उनका कहना है कि एंथ्रोपिक नाम का उपयोग इस तरह नहीं होना चाहिए जिससे उनके पहले से स्थापित ब्रांड की पहचान दब जाए या समाप्त हो जाए।इसी आधार पर उन्होंने अदालत से नाम के उपयोग पर रोक लगाने की मांग की है। बंगलूरू कार्यालय स्थापित होने के बाद संबंधित कंपनी को दूसरा नोटिस भी भेजा गया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 9 मार्च की तारीख तय की है, जिसमें अमेरिकी कंपनी के पेश होने की संभावना है।मुल्ला ने यह भी कहा कि भारतीय कानून के तहत किसी ट्रेडमार्क का पूर्व उपयोग करने वाले पक्ष को प्राथमिक अधिकारों का संरक्षण मिलता है, और उनकी कंपनी अपने इसी अधिकार के आधार पर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## अब होगी असली परीक्षा: अभिषेक की खराब फॉर्म से बढ़ी चिंता
### तिलक का स्ट्राइक रेट कर रहा परेशान; गलती पड़ेगी भारी

भारत ने टी20 विश्व कप में अजेय अभियान जारी रखा है, लेकिन अब उसकी असली परीक्षा शुरू होने जा रही है। सुपर आठ चरण में भारतीय टीम के सामने चुनौती बड़ी है और एक भी गलती उस पर भारी पड़ सकती है। टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में भारतीय टीम भले ही अजेय रही और उसने सभी चार मैच जीते, लेकिन अब तक उसका प्रदर्शन बहुत ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। बल्लेबाजी हो या फील्डिंग दोनों ही मोर्चों पर टीम संघर्ष करती दिखी है। वहीं, गेंदबाजी अपेक्षाकृत संतोषजनक रही है, लेकिन अब गत चैंपियन टीम की असली परीक्षा शुरू होगी। शनिवार से सुपर आठ चरण की शुरुआत हो रही है और भारत अगले दौर में अपना पहला मैच रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने उतरेगा।



लगातार तीन शून्य के बाद अभिषेक पर बढ़ा दबाव

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में संजू सैमसन के नहीं चलने पर टीम प्रबंधन ने टी20 विश्व कप के लिए उनकी जगह ईशान किशन को अभिषेक शर्मा के जोड़ीदार के रूप में शामिल कर लिया, लेकिन उसने यह नहीं सोचा कि बाएं हाथ के बल्लेबाजों की ओपनिंग जोड़ी धीमे विकेटों पर स्पिनरों के खिलाफ गच्चा भी खा सकती है। भारत के शीर्ष क्रम को धीमे विकेटों पर स्पिनरों के सामने संघर्ष करना पड़ रहा है। ऐसे में भारतीय टीम को दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों की ओपनिंग जोड़ी की कमी खल रही है। बाएं हाथ के ओपनरों की जोड़ी के खिलाफ अंगुली के स्पिनर असरदार रहे हैं।

## T20 World Cup: सुपर आठ का रोमांच आज से,
### पाकिस्तानी स्पिन और न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कौशल की होगी परीक्षा

टी20 विश्व कप 2026 का ग्रुप चरण अब खत्म हो गया है और आज से सुपर आठ दौर की शुरुआत हो रही है। पहले मैच में पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में होना है। टी20 विश्वकप में सुपर आठ चरण का रोमांच शनिवार को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले मुकाबले से शुरू होगा। दोनों टीमें लीग चरण में 2024 की विजेता और उपविजेता से हार चुकी हैं। पाकिस्तान को गत चैंपियन भारत से 61 रन, तो न्यूजीलैंड को दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट से करारी शिकस्त मिली थी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच असल टक्कर स्पिन और बल्लेबाजी कौशल की होगी। पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक की अगुआई में बेहतर स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, तो न्यूजीलैंड को टिम सीफर्ट और फिन एलन की सलामी जोड़ी के अलावा,




ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र और मार्क चेपमैन मजबूती प्रदान करते हैं।

#### पाकिस्तान को धीमी पिच का फायदा

सलमान आगा की पाकिस्तान के लिए मजबूत पक्ष यह है कि उसकी टीम कोलंबो और श्रीलंकाई परिस्थितियों से टी20 विश्वकप शुरू होने से पहले ही परिचित ही सुकी है। आर. प्रेमादासा स्टेडियम में वह दो मुकाबले खेल चुकी है। न्यूजीलैंड के लिए दिक्कत यह है कि उसके खिलाड़ी जनवरी से ही भारत में बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों पर खेलते आ रहे हैं। सुपर आठ के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को कोलंबो की धीमी पिच पर पाकिस्तानी स्पिनरों से निपटने के लिए खास रणनीति बनानी होगी। हालांकि न्यूजीलैंड के बल्लेबाज भारत के विश्वस्तरीय स्पिनरों का अच्छे से सामना कर चुके हैं। टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने अब तक सात मैच खेले हैं। पाकिस्तान ने पांच और न्यूजीलैंड ने दो मैच जीते हैं।

## सपनों पर सियासत का वार: बांग्लादेश के विश्वकप बहिष्कार पर फूटा कोच का गुस्सा आसिफ नजरुल को ठहराया जिम्मेदार

टी20 विश्वकप से बांग्लादेश के बहिष्कार पर सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने सियासी फैसले को खिलाड़ियों के टूटे सपनों की वजह बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस निर्णय से युवा क्रिकेटरों को गहरा मानसिक आघात पहुंचा और जिम्मेदार लोगों ने बयान बदलकर सच छिपाया। बांग्लादेश क्रिकेट में इस वक्त सियासी भूचाल मचा हुआ है। टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने पूर्व खेल सलाहकार आसिफ नजरुल पर जमकर हमला बोला है।




उन्होंने आरोप लगाया कि गलत फैसलों और यू-टर्न ने खिलाड़ियों के सपनों को चकनाचूर कर दिया।27 साल का सपना एक सेकंड में खत्म

टी20 विश्व कप में नहीं खेलने के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सलाहुद्दीन ने कहा कि युवा खिलाड़ियों का जीवनभर का सपना एक झटके में तोड़ दिया गया। उन्होंने खुलासा किया कि दो खिलाड़ी तो मानसिक कोमा जैसी स्थिति में चले गए थे। उन्होंने कहा, 'जब कोई लड़का विश्व कप खेलने आता है, वह अपने 27 साल का सपना लेकर आता है। आप एक सेकंड में वह सपना तोड़ देते हैं। अगर यह देशहित का फैसला है तो खिलाड़ी कुर्बानी देंगे, लेकिन निजी नुकसान की बात तो करनी पड़ेगी।'खुलेआम झूठ बोला गया मामला तब और गरमाया जब आसिफ नजरुल के बयानों में विरोधाभास सामने आया। पहले उन्होंने कहा था कि भारत में मैच नहीं खेलने का फैसला सरकार का है।

## IND vs SA: भारत और दक्षिण अफ्रीका मैच में
### दिखेगा दो भाइयों का रणनीतिक मुकाबला आमने-सामने होंगे मोर्कल बंधु

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप का मुकाबला सिर्फ दो टीम ही नहीं, बल्कि दो भाइयों के बीच भी होगा। एल्बी मोर्कल और मोर्ने मोर्कल के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा देखने मिलेगी जो क्रिकेट के मैदान पर आमतौर पर कम ही दिखता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को अहमदाबाद में टी20 विश्व कप का सुपर आठ मुकाबला खेला जाएगा। क्रिकेट के मैदान पर अक्सर भाइयों की जोड़ी को एक ही जर्सी में पसीना बहाते देखा गया है, चाहे वो स्टीव और मार्क वॉ हों या भारत के पठान और पांड्या ब्रदर्स। लेकिन रविवार को एक ऐसा मंजर दिखेगा जो क्रिकेट इतिहास में विरला ही होता है। वर्षों तक साथ खेलने वाले दो सगे भाई अलग-अलग डगआउट में बैठकर प्रतिद्वंद्वी टीमों के लिए रणनीति बनाते नजर आएंगे और घर पर बैठी उनकी मां इस उलझन में होंगी कि आखिर समर्थन किसे करें। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज एल्बी मोर्कल और मोर्ने मोर्कल की भाइयों की जोड़ी इस समय ऐसी ही स्थिति में हैं। एल्बी इस टूर्नामेंट में






दक्षिण अफ्रीका के विशेष सलाहकार की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मोर्ने भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व वाले कोचिंग दल में गेंदबाजी कोच की अहम जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ये दोनों अब एक-दूसरे के खिलाफ माइंड गेम खेलते नजर आएंगे। एल्बी ने हाल ही में मजाकिया अंदाज में कहा था, 'नहीं, हम अभी एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे। हमसे ज्यादा हमारी मां परेशान हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि भारत का समर्थन करें या दक्षिण अफ्रीका का।' ग्रुप चरण में दोनों टीमों ने अपराजित रहते हुए सुपर-आठ में जगह बनाई है। यह सुपर आठ चरण में दोनों टीमों का यह पहला मैच होगा। मोर्ने ने भी स्वीकार किया कि बड़े भाई से उनकी बातचीत ज्यादा नहीं हुई है। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें मैदान पर आते देखा, लेकिन ज्यादा बात नहीं हुई। फिर भी उन्हें देखकर अच्छा लगा।

## विवादों में पाकिस्तान क्रिकेट: पीसीबी का बढ़ा सिरदर्द PSL फ्रेंचाइजी में स्वामित्व की जंग कोर्ट पहुंचा मामला

पीसीबी की टी20 लीग पीएसएल में सियालकोट और लाहौर फ्रेंचाइजी के मालिकाना हक को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। शेयर बिक्री और बहुमत हिस्सेदारी की जंग अब कोर्ट तक पहुंच गई है, जिससे पीसीबी की साख और लीग की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर प्रशासनिक अराजकता और अंदरूनी खींचतान की वजह से सुर्खियों में है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इन दिनों अपनी ही टी20 लीग पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में मची स्वामित्व की जंग से जूझ रहा है। हालत यह है कि मैदान से ज्यादा चर्चा अब कोर्ट और बंद कमरों में हो रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया, हाल ही में नीलामी में खरीदी गई सियालकोट फ्रेंचाइजी में बहुमत



हिस्सेदारी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सियालकोट की इस टीम को 185 करोड़ रुपये में एक कंसोर्टियम ने खरीदा था, जिसमें कामिल खान भी शामिल हैं। मामला तब गरमाया जब एक प्रमुख हिस्सेदार मुहम्मद शाहिद ने पीएसएल के सीईओ सलमान नसीर को शिकायत भेजी।

शाहिद का दावा है कि उनके पास फ्रेंचाइजी के 76% शेयर हैं, जबकि बाकी 24% हिस्सेदारी रखने वाले पार्टनर उनकी जानकारी और सहमति के बिना शेयर बेचने की कोशिश कर रहे हैं। विदेश में रहने वाले शाहिद ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि अल्पसंख्यक शेयरधारक अपने हिस्से से ज्यादा शेयर डंप करने की कोशिश कर रहे हैं। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी लीग में स्वामित्व संरचना इतनी अस्पष्ट कैसे हो सकती है? विवाद सिर्फ नई फ्रेंचाइजी तक सीमित नहीं है। पीएसएल की जानी-मानी टीम लाहौर कलंदर्स में भी मालिकाना हक को लेकर परिवार के भीतर टकराव सामने आया है। फ्रेंचाइजी के मूल मालिकों में से एक फवाद राणा ने अदालत से अपने पक्ष में फैसला मिलने के बाद फिर से पीएसएल प्रबंधन को शिकायत दी है। अदालत में दायर याचिका में उन्होंने अपने भाइयों आतिफ राणा और समीर राणा पर आरोप लगाया था

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















